मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी बना छत्तीसगढ़ का 29वाँ ज़िला

चर्चा में क्यों?

2 सितंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवगठित ज़िला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का राज्य के 29वें ज़िले के रूप में उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ज़िले के नक्शे का अनावरण भी किया।

प्रमुख बिंदु

- ज़िला शुभारंभ कार्यक्रम में उन्होंने 106 करोड़ 27 लाख 95 हज़ार रुपए के कार्य का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 52 करोड़ 16 लाख 8 हज़ार रुपए के 42 कार्यों का भूमि-पूजन एवं 54 करोड़ 11 लाख 87 हज़ार रुपए के 12 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।
- मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर ज़िलावासियों को बधाई दी और ज़िले के तीनों ब्लॉक के विकास के लिये तीन करोड़ रुपए की घोषणा की।
- नवगठित ज़िला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी राजनांदगांव ज़िले से अलग कर एक नई प्रशासनिक इकाई के रूप में बनाया गया है। नवीन ज़िला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी दुर्ग संभाग के अंतर्गत होगा।
- ज़िले के उद्घाटन के एक दिन पहले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ज़िले में कलेक्टर की पदस्थापना भी कर दी गई। 2014 बैच के IAS ऑफिसर एस. जयवर्धन पहले कलेक्टर बनाए गए हैं, वहीं येदुवल्ली अक्षय कुमार नवगठित ज़िले के पहले एसपी होंगे।
- नवीन गठित ज़िले में तीन तहसील- अंबागढ़ चौकी, मोहला एवं मानपुर हैं तथा तीन विकासखंड एवं जनपद पंचायत- अंबागढ़ चौकी, मोहला एवं मानपुर हैं।
- नवीन ज़िले का भौगोलिक क्षेत्रफल 2 लाख 14 हज़ार 667 हेक्टेयर है। यहाँ की कुल जनसंख्या 2 लाख 83 हज़ार 947 है, जिसमें अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या 1 लाख 79 हज़ार 662 है, जो ज़िले की कुल जनसंख्या का 63.27 प्रतिशत है।
- ज़िले में राजस्व निरीक्षक मंडल की संख्या 13 है, कुल पटवारी हलका नंबर 89 है, ग्राम पंचायत की संख्या 185 है। ज़िले में थानों की कुल संख्या 9 है, विधानसभा क्षेत्र 2 तथा कुल मतदान केंद्र संख्या 497 है, नवीन ज़िले में कुल गाँवों की संख्या 499 है।
- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त, 2021 को चार नए ज़िलों और 18 नई तहसीलों के गठन की घोषणा की थी। इनमें मोहला-मानपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती और मनेंद्रगढ़ शामिल हैं। इसके बाद खैरागढ़ उप-चुनाव के दौरान उन्होंने एक अन्य नया ज़िला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के गठन की घोषणा की थी।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 सितंबर को प्रदेश के 30वें ज़िले 'सारंगढ़-बिलाईगढ़'और 31वें ज़िले 'खैरागढ़-छुईखदान-गंडई'का शुभारंभ करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mohla-manpur-ambagarh-outpost-becomes-29th-district-of-chhattisgarh